अमर उजाला

**Bihar News मुजफ्फरपुर में नकली ज्यूडिशियल स्टांप-टिकट का खेल बेनकाब, तीन गिरफ्तार; 32 फर्जी टिकट बरामद**



बिहार के मुजफ्फरपुर में पुलिस ने नकली ज्यूडिशियल स्टांप और टिकट की बिक्री करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 32 फर्जी टिकट और नौ ज्यूडिशियल स्टांप पेपर बरामद किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान गिरोह का एक सदस्य मौके से फरार होने में सफल रहा।

पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि उन्होंने हाल ही में इस अवैध कारोबार की शुरुआत की थी और इसी दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

Source: https://www.amarujala.com/bihar/muzaffarpur/muzaffarpur-bihar-news-gang-selling-fake-judicial-stamp-welfare-tickets-busted-three-arrested-one-absconding-police-investigate-muzaffarpur-news-c-1-1-noi1376-4639361-2026-08-22